बिहार लोक सेवा आयोग, पटना
15, जवाहरलाल नेहरू मार्ग (बेली रोड), पटना–800001

65वीं संयुक्त (प्रारम्भिक) प्रतियोगिता परीक्षा

आवश्यक सूचना

1. 65वीं संयुक्त (प्रारंभिक) प्रतियोगिता परीक्षा से संबंधित सभी उम्मीदवारों को सूचित किया जाता है कि यह प्रतियोगिता परीक्षा मंगलवार, दिनांक 15.10.2019 को (एकल बैठक – 12.00 बजे मध्याह्न से 2.00 बजे अपराह्न तक) 35 जिला मुख्यालयों में अवस्थित 718 परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित होगी। उक्त परीक्षा में सामान्य अध्ययन विषय के वस्तुनिष्ठ प्रकृति के 150 प्रश्न होंगे।
2. उक्त परीक्षा हेतु ई–प्रवेश पत्र आयोग के वेबसाईट www.bpsc.bih.nic.in या www.onlinebpsc.bihar.gov.in पर दिनांक 05.10.2019 से उपलब्ध रहेगा, जिसे डाउनलोड करने के लिए "आवश्यक निर्देश" आयोग के उक्त वेबसाईट www.bpsc.bih.nic.in पर उपलब्ध है। अभ्यर्थी ई–प्रवेश पत्र डाउनलोड करने के लिए उक्त आवश्यक निर्देश का अक्षरशः अनुपालन करेंगे। ई–प्रवेश पत्र डाउनलोड करने की अंतिम तिथि 13.10.2019 निर्धारित की जाती है। सभी अभ्यर्थियों को निदेश दिया जाता है कि वे अपना–अपना ई–प्रवेश पत्र 13.10.2019 तक अवश्य डाउनलोड कर लें। **अभ्यर्थी अंतिम समय का इन्तजार नहीं करें, यथाशीघ्र ई–प्रवेश पत्र डाउनलोड कर लें।**

अभ्यर्थियों को डाक से (by Post) प्रवेश पत्र नहीं भेजे जायेंगे।

3. यह प्रवेश पत्र 65वीं संयुक्त (प्रारंभिक) प्रतियोगिता परीक्षा के अधीन ऑनलाईन आवेदन में आपके द्वारा की गई प्रविष्टि एवं दी गई सूचना के आधार पर जारी किया गया है। **अतः यह प्रवेश पत्र पूर्णतः औपबंधिक है। पात्रता के संबंध में अंतिम निर्णय साक्षात्कार के समय अंकित तथ्यों से संबंधित कागजातों की विधिवत जाँच/सत्यापन के पश्चात किया जा सकेगा। यह स्पष्ट किया जाता है कि ई–प्रवेश पत्र (e-Admit Card) निर्गत होने से अभ्यर्थी की अर्हता संपुष्ट नहीं होती है। आपके द्वारा ऑनलाईन आवेदन में की गई प्रविष्टि एवं दी गई सूचना तथा उससे संबंधित कागजात में किसी प्रकार की भिन्नता रहने पर उम्मीदवारी रद्द की जा सकती है और, आयोग की इस परीक्षा अथवा इस परीक्षा सहित आगामी परीक्षाओं में उन्हें भाग लेने से वंचित किया जा सकता है।**
4. **परीक्षा केन्द्र परिसर, जहाँ परीक्षा होनी है, में मोबाईल, ब्लुटुथ, वाई–फाई, इलेक्ट्रोनिक पेन, स्मार्ट वाच, गैजेट आदि जैसी इलेक्ट्रोनिक सामग्री अथवा अन्य किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रोनिक संचार उपकरण को लेकर जाना एवं उपयोग वर्जित है। इसकी अवहेलना किए जाने पर आयोग की इस परीक्षा सहित आगामी परीक्षाओं में भाग लेने से वंचित करते हुए अनुशासनिक/दंडात्मक कार्रवाई की जा सकती है।**
5. इस परीक्षा के कतिपय अभ्यर्थियों द्वारा भरे गये आवेदन में अपलोड किये गये फोटो एवं हस्ताक्षर का ईमेज अस्पष्ट/अपठनीय एवं रिक्त है। वैसे अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि वे निम्नलिखित कागजात/साक्ष्य परीक्षा की निर्धारित तिथि 15.10.2019 को संबंधित परीक्षा केन्द्र के केन्द्राधीक्षक को समर्पित करना सुनिश्चित करेंगेः–
   (i) अभ्यर्थी आयोग के वेबसाईट www.bpsc.bih.nic.in पर उपलब्ध घोषणा पत्र को पूर्णरूप से भरकर उनके निर्दिष्ट स्थान पर किसी राजपत्रित पदाधिकारी से अभिप्रमाणित रंगीन फोटो चिपकाऐंगे एवं निर्दिष्ट स्थान पर अपना हस्ताक्षर हिन्दी एवं अंग्रेजी में करेंगे।
   (ii) राजपत्रित पदाधिकारी से अभिप्रमाणित दो रंगीन फोटो में से एक फोटो अभ्यर्थी अपने ई–प्रवेश पत्र में निर्दिष्ट स्थान के बगल में चिपकाऐंगे। दूसरा फोटो ई–प्रवेश पत्र के कार्यालय प्रति में संबंधित परीक्षा पर केन्द्राधीक्षक के समक्ष चिपकाऐंगे।
   (iii) आई॰डी॰ प्रूफ यथा – पैन कार्ड/आधार कार्ड/ड्राईविंग लाइसेंस/वोटर आई॰डी॰ कार्ड इत्यादि में किसी एक की छायाप्रति, जो राजपत्रित पदाधिकारी से अभिप्रमाणित हो, उसे केन्द्राधीक्षक को निश्चित रूप से समर्पित/जमा करेंगे। उक्त पहचान–पत्र की मूल प्रति भी अभ्यर्थी अपने साथ रखेंगे।
   (iv) केन्द्राधीक्षक द्वारा अभ्यर्थी से प्राप्त उपर्युक्त सभी कागजातों एवं फोटो का मिलान/सत्यापन करने के पश्चात ही उन्हें अपने परीक्षा केन्द्र पर परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति दी जायेगी।

3.10.19

संयुक्त सचिव–सह–परीक्षा नियंत्रक,
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना

बिहार लोक सेवा आयोग

15, जवाहरलाल नेहरू मार्ग (बेली रोड), पटना–800001

परीक्षा का नाम : 65वीं संयुक्त (प्रारम्भिक) प्रतियोगिता परीक्षा

घोषणा पत्र

मैं...,पिता/पति का नाम... रजिस्ट्रेशन संख्या .... अनुक्रमांक......................................, एतद् द्वारा घोषणा करता/करती हूँ कि मैं दिनांक 15.10.2019 को आयोजित 65वीं संयुक्त (प्रारम्भिक) प्रतियोगिता परीक्षा का/की अभ्यर्थी हूँ। उक्त प्रारंभिक परीक्षा से संबंधित **ई–प्रवेश–पत्र** में मेरा फोटो/हस्ताक्षर का ईमेज अस्पष्ट/अपठनीय/रिक्त है, जिसके सत्यापन में इस घोषणा–पत्र के निर्दिष्ट स्थान पर चिपकाया गया राजपत्रित पदाधिकारी से अभिप्रमाणित फोटो एवं हस्ताक्षर (हिन्दी एवं अंग्रेजी में) मेरा ही है, किसी अन्य व्यक्ति का नहीं है। तत्संबंधी उपर्युक्त अंकित रजिस्ट्रेशन नं० के विरूद्ध समर्पित ऑनलाईन आवेदन में दी गई सभी सूचनाएँ/फोटो/हस्ताक्षर सत्य एवं सही है।

उपर्युक्त की गयी घोषणा, फोटो/हस्ताक्षर किसी अन्य के या गलत पाये जाते हैं तो उसके लिये मैं पूर्णतः जिम्मेवार होऊँगा/होऊँगी और इसके लिए मेरे विरूद्ध वैधानिक/दण्डात्मक कार्रवाई करते हुए मेरे आवेदन को रद्द कर दिया जायेगा, इसमें मुझे कोई आपत्ति नहीं होगी। मैं आयोग के सभी नियमों/निर्णयों का पालन करने के लिए तैयार हूँ।

राजपत्रित पदाधिकारी से अभिप्रमाणित फोटो चिपकायें

उम्मीदवार का हस्ताक्षर	
:– हिन्दी में	
:– अंग्रेजी में	

वीक्षक का हस्ताक्षर   केन्द्राधीक्षक का हस्ताक्षर